कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
33 एमएलडी एस.टी.पी. परिसर, माझा जमथरा, अयोध्या
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

निरीक्षण आख्या

मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र–अयोध्या श्री वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा दिनांक 04.04.2025 में किये गये निरीक्षण की आख्यां

दिनांक 04.04.2025 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड– पूरा बाजार में पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय इं0 अरविन्द यादव, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), इं0 आलोक कुमार मिश्रा, सहा0अभि0, इं0 दुर्गेश कुमार, जूनि0इंजी0 तथा श्री संतोष ओझा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स वी0एस0ए0आई0पी0पी0एल0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद/श्री प्रशांत रेड्डी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा उपस्थित थे।

1. **ददेरा पेयजल योजना, विकासखण्ड– पूरा :–**

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत 38.06 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 38.06 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य, 1734 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 1096 नग गृह जल संयोजन, पम्पहाउस कार्य, सोलर अधिष्ठापन, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में योजना से समुचित जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम सुक्खापुर में कुछ स्थानों पर गृह जल संयोजन पाइप खुले में पायी गई जिसे मा0 विधायक जी द्वारा उचित ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से पानी का अपव्यय न करने, जल संचय करने का अनुरोध किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिससे योजना का लाभ आम जनमानस को प्राप्त होता रहे।





2. **रामपुर सर्घा व अलावलपुर पेयजल योजना, विकासखण्ड– पूरा :–**

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत 32.20 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 26.87 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य, 1073 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 850 नग गृह जल संयोजन, पम्पहाउस कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य बन्द पाया गया, बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। योजना में सोलर पैनल अधिष्ठापित नही है एवं योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है। ग्राम हरिइच्छा का पुरवा में कुछ स्थानों पर पुनर्स्थापित मार्ग धंस गये है जिन्हें पुनः मानक के अनुसार पुनर्स्थापित करने का निर्देश मा0 विधायक जी द्वारा दिए गए।

मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से पानी का अपव्यय न करने, जल संचय करने का अनुरोध किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिससे योजना का लाभ आम जनमानस को प्राप्त होता रहे।

3. **अकवारा पेयजल योजना, विकासखण्ड– पूरा :–**

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत 7.45 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 7.30 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य, 476 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 400 नग गृह जल संयोजन, शिरोपरि जलाशय, सोलर, बाउण्ड्रीवाल कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं पम्पहाउस की छत का कार्य पूर्ण प्लास्टर का कार्य शेष है। योजना से जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ स्थानों पर पुनर्स्थापित मार्ग धंस गये है जिन्हें पुनः पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है, उक्त के सम्बन्ध में मा0 विधायक जी द्वारा निर्देश दिया गया कि धंसे हुए मार्ग को पुनः मानक के अनुसार पुनस्थापित किया जाए।

मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से पानी का अपव्यय न करने, जल संचय करने का अनुरोध किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिससे योजना का लाभ आम जनमानस को प्राप्त होता रहे।





4. **करमा कोड़री पेयजल योजना, विकासखण्ड– पूरा :–**

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत 23.17 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 22.90 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य, 651 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 423 नग गृह जल संयोजन, पम्पहाउस, बाउण्ड्रीवाल कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य बन्द पाया गया, सोलर सिस्टम अधिष्ठापित नही किया गया है। योजना से जलापूर्ति नहीं की जा रही है। ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ स्थानों पर पुनर्स्थापित मार्ग धंस गये है जिन्हें पुनः पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है, उक्त के सम्बन्ध में मा0 विधायक जी द्वारा निर्देश दिया गया कि धंसे हुए मार्ग को पुनः मानक के अनुसार पुनस्थापित किया जाए।

मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से पानी का अपव्यय न करने, जल संचय करने का अनुरोध किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिससे योजना का लाभ आम जनमानस को प्राप्त होता रहे।

(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 921 / एम–24 / 09 दिनांक 09.04.2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. श्री वेद प्रकाश गुप्ता, मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र– अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4. जिलाधिकारी, अयोध्या।
5. मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
6. इं0 आलोक कुमार मिश्रा, सहा0अभि0/इं0 दुर्गेश कुमार, जूनि0इंजी0।
7. मेसर्स वी0एस0ए0आई0पी0पी0एल0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद/ मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा ।

अधिशासी अभियन्ता